>

Title: Need to start the work of pending Kalwa-Airoli elivated Railway line connecting Bhivandi, Kalyan and Thane.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : सभापति महोदया, कलवा-ऐरौली एलिवेटेड रेलवे लाइन तीन लोक सक्षा क्षेत्र को जोड़ने वाली लाइन है । यह भिवंडी, कल्याण और थाणे लोक सभा क्षेत्र को जोड़ती है । तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी ने वर्ष 2015 में 428 करोड़ रुपये बजट आबंटित करके इसकी मंजूरी दी थी, लेकिन अभी तक इसका काम शुरू नहीं हो पाया है । इसमें अलग-अलग अड़चनें आईं । हम तीन सांसद हैं, मैं खुद भिवंडी लोक सभा क्षेत्र से हूं, डॉक्टर श्रीकांत शिंदे कल्याण लोक सभा से हैं और राजन विचारे थाणे लोक सभा से हैं । हम तीनों सांसद चाहते हैं कि यह काम जल्द से जल्द शुरू हो । हम लोग इसके लिए कोशिश कर रहे हैं लेकिन इस काम में देरी की वजह से अब इसका खर्च बढ़कर 519 करोड़ रुपये हो गया है । इस एलिवेटेड रेलवे लाइन को शुरू करने के लिए जमीन का अधिग्रहण करना था, राज्य सरकार की जमीन मिल गई, एमआईडीसी की जमीन मिल गई, झुग्गी-झोपडी वालों के लिए एमएमआरडी ने 924 मकान बनाकर उन लोगों को शिफ्ट करने का प्रावधान किया है । सिडको डेवलपमेंट अथॉरिटी की कुछ लैंड है लेकिन अभी तक यह लैंड रेलवे को हस्तांतरण नहीं होने से काम शुरू नहीं हो पाया है ।

राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा एमआरवीसी के माध्यम से यह काम होने जा रहा है, इसलिए दोनों की पचास-पचास प्रतिशत इसमें लागत लगने वाली है । मेरे लोक सभा क्षेत्र कसारा से कल्याण और वांगनी से कल्याण तक के जो यात्री हैं, अगर उनको नवी मुंबई जाना है तो थाणे जाकर रेल चेंज करनी होती है, जिसकी वजह से उनको वहां पहुंचने में देरी हो जाती है ।

मेरी आपके माध्यम से विनती है कि रेल प्रशासन को राज्य सरकार से कोऑडिनेट करके जल्द से जल्द, जो लैंड एक्विजिशन बची है, उसको पूरा

करके काम शुरू करें ताकि लोगों को जो असुविधा हो रही है, उससे उनको छुटकारा मिले। बहुत-बहुत धन्यवाद।